चालू वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। एजेंसी ने बुधवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि आर्थिक गतिविधियों में मजबूती और ऊर्जा आपूर्ति से जुड़े झटकों का सामना करने की भारत की क्षमता को देखते हुए अनुमान में संशोधन किया गया है।

मूडीज का अनुमान



महंगाई, मानसून से चुनौतियां

मूडीज रेटिंग्स ने अपनी वैश्विक व्यापक आर्थिक परिदृश्य 2027-28 रिपोर्ट में कहा कि निकट भविष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने कुछ जोखिम बने रहेंगे। घरेलू खपत बढ़ते और व्यापक होते महंगाई के दबाव के प्रति संवेदनशील है। खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2 से 6 प्रतिशत के निर्धारित दायरे के ऊपरी स्तर के करीब बनी हुई है। एजेंसी के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून की कमी और अल नीनो की मजबूत होती परिस्थितियां कृषि उत्पादन तथा ग्रामीण मांग को प्रभावित कर सकती हैं। हालांकि, मजबूत खपत, निवेश में सुधार और बेहतर व्यापक आर्थिक बुनियाद के दम पर भारत मध्यम अवधि में करीब 7 प्रतिशत की वृद्धि दर बनाए रख सकता है।

निजी निवेश से बढ़ेगी विकास की रफ्तार

मूडीज ने कहा कि निजी निवेश में लगातार तेजी आने से विनिर्माण, रोजगार और उत्पादकता को उल्लेखनीय बढ़ावा मिल सकता है। इससे आर्थिक वृद्धि दर एजेंसी के मौजूदा आधारभूत अनुमान से भी अधिक रहने की संभावना है। हालांकि, उसने आगाह किया कि आरबीआई की ओर से ब्याज दरों में और बढ़ोतरी तथा सख्त मौद्रिक नीति निजी निवेश में सुधार की गति को धीमा कर सकती है।

ऊर्जा संकट का बेहतर ढंग से किया सामना

भारत ने ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव का सामना पिछले अनुमान की तुलना में बेहतर तरीके से किया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाने से देश को मदद मिली है। सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों और कर कटौती के जरिये उपभोक्ताओं को तत्काल मूल्य वृद्धि से राहत देने में सफलता मिली है। मूडीज के अनुसार, भारत में दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत तेल शोधन परिसर मौजूद है। देश की विशाल और आधुनिक रिफाइनिंग क्षमता ने ईंधन आपूर्ति में बाधाओं को सीमित रखने के साथ परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का प्रमुख निर्यातक बने रहने में भी मदद की है। अमेरिका स्थित रेटिंग एजेंसी ने कहा कि पूंजीगत वस्तुओं के मजबूत उत्पादन और आयात, औद्योगिक ऋण वृद्धि में तेजी तथा क्षमता उपयोग में बढ़ोतरी जैसे संकेतक निजी निवेश में नए दौर की शुरुआत की ओर इशारा कर रहे हैं।

प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़ा, 14.42 लाख करोड़ रुपए हुआ

नई दिल्ली, (एजेंसी)। चालू वित्त वर्ष में 01 अप्रैल से 10 नवंबर तक प्रत्यक्ष कर का संग्रह का शुद्ध आंकड़ा 11.8 प्रतिशत बढ़कर 14.42 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

वित्त वर्ष में 10 नवंबर तक प्रत्यक्ष कर का कुल संग्रह 17,50,286 करोड़ रुपये रहा। इसी दौरान विभाग ने 3,08,307 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया। इस प्रकार शुद्ध कर संग्रह 14,41,979 करोड़ रुपये रहा।कुल कर संग्रह में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 14 प्रतिशत और रिफंड में 25.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है।

'जी-2 लीडरशिप' अडानी के 17 लाख करोड़ रुपए का कारोबार संभालेगी

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी ने अपने विशाल कारोबारी साम्राज्य के भविष्य की कमान अगली पीढ़ी को सौंपने की तैयारी शुरू कर दी है। करीब चार दशक पहले कोयले के कारोबार से शुरुआत करने वाले अडानी ने आज लगभग 17 लाख करोड़ रुपए के बाजार पूंजीकरण वाला समूह खड़ा कर दिया है। अब वह अपना पूरा कारोबार किसी एक उत्तराधिकारी को सौंपने के बजाय परिवार के चार युवाओं की टीम के हाथों में देना चाहते हैं।

फॉर्च्यून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इस उत्तराधिकारी टीम को ''जी-2 लीडरशिप'' नाम दिया गया है। इसमें गौतम अडानी के दोनों बेटे करण अडानी और जीत अडानी के अलावा उनके दो भतीजे प्रणव अडानी और सागर अडानी शामिल हैं। चारों पहले से ही समूह की विभिन्न कंपनियों में अहम जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं।

योग्यता के आधार पर मिलेगी जिम्मेदारी

गौतम अडानी का मानना है कि नेतृत्व केवल पारिवारिक विरासत से नहीं मिलता, बल्कि इसे अपनी योग्यता और प्रदर्शन से साबित करना पड़ता है। वह चाहते हैं कि अगली पीढ़ी उनसे भी बड़े लक्ष्य तय करे, पुरानी धारणाओं को चुनौती दे और भविष्य के कारोबार खड़े करने के लिए धैर्य के साथ काम करे।

उनके मुताबिक, उत्तराधिकारियों में जोखिम उठाने का साहस, दूसरों से सीखने की क्षमता और विनम्रता होनी चाहिए। साथ ही उन्हें यह समझना होगा कि कोई भी संस्थान किसी एक व्यक्ति या परिवार से बड़ा होता है।

चार युवाओं के हाथों में अलग-अलग जिम्मेदारियां

- **1. प्रणव अडानी:** 48 वर्षीय प्रणव अडानी चारों उत्तराधिकारियों में सबसे अनुभवी हैं। वह अडानी एंटरप्राइजेज के निदेशक और एग्रो, ऑयल एवं गैस कारोबार के प्रबंध निदेशक हैं। अडानी टोटल गैस और रियल एस्टेट कारोबार में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।
- **2. करण अडानी:** गौतम अडानी के 39 वर्षीय बड़े बेटे करण अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के प्रबंध निदेशक हैं। उनके जिम्मे बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, परिवहन और सीमेंट कारोबार की जिम्मेदारी है।
- **3. सागर अडानी:** 32 वर्षीय सागर अडानी समूह के हरित ऊर्जा कारोबार का प्रमुख चेहरा हैं। वह अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक हैं और सौर तथा पवन ऊर्जा से जुड़े कारोबार की जिम्मेदारी संभालते हैं।
- **4. जीत अडानी:** गौतम अडानी के 29 वर्षीय छोटे बेटे जीत अडानी एयरपोर्ट कारोबार के निदेशक हैं। इसके अलावा वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा सेंटर, रक्षा, पेट्रोकेमिकल्स और धातु जैसे नए क्षेत्रों पर भी ध्यान दे रहे हैं।

एसआईपी से म्यूचुअल फंड में 32160 करोड़ का निवेश आया

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव को कम करने में घरेलू निवेशक लगातार अहम भूमिका निभा रहे हैं। अक्टूबर में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए म्यूचुअल फंड में 32,160 करोड़ रुपए का निवेश आया। हालांकि, यह आंकड़ा सितंबर के 32,490 करोड़ रुपए और अगस्त के 32,297 करोड़ रुपए के मुकाबले थोड़ा कम रहा। इसके बावजूद लगातार तीसरे महीने एसआईपी निवेश 32,000 करोड़ रुपए से अधिक बना हुआ है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकट एन. चलसानी के मुताबिक, निवेशकों की भागीदारी मजबूत बनी हुई है। अक्टूबर में करीब 10 करोड़ एसआईपी खातों के माध्यम से 32,160 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। यह पिछले साल इसी महीने आए 29,529 करोड़ रुपए के मुकाबले 8.9 प्रतिशत अधिक है।

अक्टूबर में म्यूचुअल फंड उद्योग में कुल 1.74 लाख करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया। इसके साथ ही उद्योग की प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़कर 83.39 लाख करोड़ रुपए हो गईं।

26 फरवरी के बाद सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे दोनो दोनों प्रमुख सूचकांक

वाहन, रसायन और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी, सेंसेक्स 773 अंक उछला

● मुंबई / एजेंसी

शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तेजी का रुख बना रहा। हालांकि, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और फार्मा क्षेत्र के शेयरों में बिकवाली का दबाव देखने को मिला।

बीएसई का सेंसेक्स 772.75 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,879.40 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 210.40 अंक यानी 0.84 प्रतिशत चढ़कर 25,255.05 अंक पर पहुंच गया। दोनों प्रमुख सूचकांकों का यह 26 फरवरी के बाद का सर्वोच्च बंद स्तर है।



शुरुआती तेजी के बाद कुछ मुनाफावसूली

सेंसेक्स 242 अंक की बढ़त के साथ 82,248 अंक पर खुला और कारोबार के दौरान 82,520 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, दोपहर बाद मुनाफावसूली के कारण इसकी तेजी कुछ कम हुई। इसके बावजूद सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। निफ्टी में भी कारोबार के दौरान इसी तरह का उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी

बाजार की तेजी व्यापक रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.93 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.59 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। क्षेत्रवार प्रदर्शन में ऑटो सूचकांक 2.14 प्रतिशत और रसायन क्षेत्र 2.10 प्रतिशत मजबूत हुआ। एफएमसीजी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, तेल एवं गैस, रियल्टी और सीमेंट से जुड़े सूचकांकों में भी 1 से 2 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। इसके विपरीत आईटी, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 5.25 प्रतिशत चढ़कर सबसे अधिक लाभ में रहा। इंडिगो में 4.30 प्रतिशत, ट्रेंट में 3.02 प्रतिशत, टाटा स्टील में 2.22 प्रतिशत और आईटीसी में 2.15 प्रतिशत की तेजी रही।इसके अलावा एक्सिस बैंक 2.14 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 2.04 प्रतिशत, भारती एयरटेल 2.03 प्रतिशत और पावरग्रिड 1.92 प्रतिशत मजबूत हुए। भारतीय स्टेट बैंक में 1.80 प्रतिशत, एशियन पेंट्स में 1.76 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.67 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक में 1.58 प्रतिशत की बढ़त रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व, बीईएल और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाभ में बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एलएंडटी में भी तेजी रही।

अडानी पोर्ट्स सबसे ज्यादा नुकसान में

सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर 1.66 प्रतिशत टूटकर सबसे अधिक नुकसान में रहा। टेक महिंद्रा में 1.29 प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 0.95 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, एनटीपीसी, इटरनल और सन फार्मा के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

बढ़त वाले शेयरों की संख्या अधिक

एनएसई में कुल 3,767 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें से 2,493 कंपनियों के शेयर बढ़त में रहे, जबकि 1,166 में गिरावट दर्ज की गई। अन्य 108 कंपनियों के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.31 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 फीसद की बढ़त में रहे जबकि हांगकांग का हैंग सेंग 0.98 प्रतिशत फिसल गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.71 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.40 प्रतिशत ऊपर था।

एचडीएफसी का ऋण हुआ महंगा, नई ब्याज दरें लागू

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक एचडीएफसी बैंक ने कर्ज की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। बैंक ने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) में 5 से 15 आधार अंक तक इजाफा किया है। नई दरें 7 नवंबर से लागू हो गई हैं। इस बदलाव से होम लोन, पर्सनल लोन और ऑटो लोन की किस्त बढ़ सकती है। हालांकि, इसका असर केवल उन ग्राहकों पर पड़ेगा, जिनके कर्ज की ब्याज दर एमसीएलआर से जुड़ी हुई है।

सभी सात अवधि की दरों में संशोधन

एचडीएफसी बैंक ने अपनी सभी सात अवधि की एमसीएलआर दरों में बदलाव किया है। इसके बाद दरें 7.85 प्रतिशत से बढ़कर 8.70 प्रतिशत के दायरे में पहुंच गई हैं। इससे पहले यह सीमा 7.75 प्रतिशत से 8.55 प्रतिशत थी। बैंक ने छह महीने, एक साल, दो साल और तीन साल की अवधि वाली एमसीएलआर में 15 आधार अंक की बढ़ोतरी की है। वहीं, अन्य अवधि की दरों में 5 से 10 आधार अंक तक इजाफा किया गया है। एक आधार अंक 0.01 प्रतिशत के बराबर होता है। इस लिहाज से 15 आधार अंक की वृद्धि का मतलब ब्याज दर में 0.15 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

क्वालकॉम की छंटनी से भारत में 1,000 कर्मचारियों की नौकरी पर छाया संकट

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी क्वालकॉम ने भारत में कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर दी है। यह कदम कंपनी के वैश्विक स्तर पर कार्यबल घटाने की योजना का हिस्सा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में करीब 1,000 कर्मचारी इस फैसले से प्रभावित हो सकते हैं। यह संख्या देश में कंपनी के कुल कर्मचारियों का लगभग 5 से 6 प्रतिशत है।

वैश्विक स्तर पर पुनर्गठन की तैयारी

क्वालकॉम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टियानो एमोन ने 20 अक्टूबर को दुनियाभर में कर्मचारियों के पुनर्गठन की घोषणा की थी। कंपनी अपनी वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा के बाद यह कदम उठा रही है। इसका उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को अधिक प्रभावी बनाना, जवाबदेही बढ़ाना और बदलती कारोबारी प्राथमिकताओं के अनुरूप कर्मचारियों की संख्या तय करना है। कर्मचारियों के अनुसार, रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ), ब्लूटूथ, वाई-फाई और ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) से जुड़ी इंजीनियरिंग टीमों में भी कटौती की गई है। कर्मचारियों का चयन व्यक्तिगत प्रदर्शन मूल्यांकन के आधार पर किया गया है। इसमें टीम स्तर पर आकलन और वरिष्ठ प्रबंधन की राय को भी महत्व दिया गया। कंपनी का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब वैश्विक स्मार्टफोन बाजार में दबाव के कारण उसके राजस्व को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

बिजनेस न्यूज

एनएसई ने निवेशकों और ट्रेडिंग सदस्यों के लिए जोड़े नए डिजिटल फीचर्स

भोपाल। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने अपनी वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर कई नए फीचर्स जोड़े हैं। इनका उद्देश्य निवेशकों और ट्रेडिंग सदस्यों के लिए शेयर बाजार से जुड़ी जानकारी को आसानी से उपलब्ध कराना और डिजिटल सेवाओं को अधिक सुविधाजनक बनाना है। इसमें एक प्रमुख फीचर एनएसई मार्केट लेंस का बीटा वर्जन है, जो वेब और मोबाइल दोनों पर उपलब्ध होगा। एनएसई की वेबसाइट पर कॉर्पोरेट घोषणाओं का एआई की मदद से तैयार किया गया सारांश भी बीटा वर्जन में उपलब्ध कराया गया है। निवेशक इसे टेक्स्ट और ऑडियो, दोनों फॉर्मेट में देख और सुन सकते हैं। एनएसई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विरल मोदी ने कहा, भारत के कैपिटल मार्केट को आसान बनाने और हर भारतीय के लिए इसे अधिक सुलभ, समावेशी और सुविधाजनक बनाने में टेक्नोलॉजी की अहम भूमिका है। लगातार डिजिटल इनोवेशन के माध्यम से एनएसई का उद्देश्य निवेशकों और बाजार से जुड़े सभी लोगों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करना है।

रोहित शर्मा ने बताया कैसे शुरू हुई थी उनकी और रितिका की प्रेम कहानी

भोपाल। फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा में रोहित शर्मा ने बताया कि उनकी रितिका से पहली मुलाकात साल 2008 में कैसे हुई थी और कैसे एक अनजानी-सी मुलाकात आगे चलकर जीवनभर के रिश्ते में बदल गई। जब उनसे पूछा गया, आप रितिका को पहली बार कब मिले थे?, रोहित शर्मा ने कहा, द्यमैं पहली बार उनको मिला था 2008 में। हम एक ऐड शूट कर रहे थे। रितिका के साथ नहीं, पर वो वहाँ पर थी। वो किसी प्लेयर की मैनेजर थी और मैं वहाँ पहुँचा था, लेकिन मेरे मैनेजर साहब सही समय पर नहीं पहुँच पाए। मैं बहुत गुस्सा हो गया था और अपने कमरे में अकेला बैठा था। तभी रितिका जी पहली बार मुझसे मिलने आईं। उन्होंने मुझे बोला, द्यअगर आपको कुछ हेल्प चाहिए तो मैं हेल्प करने के लिए तैयार हूं।द्य तो यह हमारी पहली मुलाकात थी, पहली बातचीत थी। उसके बाद हम 7 साल तक अच्छे दोस्त रहे, फिर 2015 में हमारी शादी हुई। और अभी दो-दो बच्चे हैं।द्य

अमेजन पे ने इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स 2026 की घोषणा की

भोपाल। अमेजन पे ने आज अपनी फ्लैगशिप सेल इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स के वापसी की घोषणा की। इसमें ग्राहक 12 से 26 नवंबर 2026 तक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट और होटल बुकिंग पर बचत कर सकेंगे। 15 दिन की इस मेगा सेल में फ्लाइट पर 30 प्रतिशत तक और होटल पर 65प्रतिशत तक की सबसे बड़ी छू ट एक साथ मिलेगी। ग्राहक लोकप्रिय अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशन के लिए आकर्षक किराए देख सकते हैं। इनमें दिल्ली से बैंकॉक का किराया 12,299 रुपये से, मुंबई से दुबई का 13,999 रुपये से और कोलकाता से हो ची मिन्ह सिटी का 15,599 रुपये से शुरू है। घरेलू यात्रा के लिए मुंबई से गोवा का किराया 3,099 रुपये से, बेंगलुरु से कोच्चि का 4,199 रुपये से और मुंबई से दिल्ली का 6,099 रुपये से शुरू है। होटल बुकिंग के लिए ग्राहक 65 प्रतिशत तक की छू ट पर 5-स्टार प्रॉपर्टी चुन सकते हैं। गिरीश कृष्णन,डायरेक्टर पेमेंट्स एक्सपीरियंस एंड रिवॉर्ड्स, अमेजन पे ने कहा भारतीय परिवार पहले से कहीं अधिक यात्रा कर रहे हैं और इम्पॉसिबल ट्रॅव्हल डील्स 2026द्य के माध्यम से हमारा उद्देश्य उनकी यात्राओं को और भी किफायती बनाना है।

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
GRIHUM HOUSING FINANCE
पंजीकृत कार्यालय : 6टीं मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रेनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र-411014.
शाखा कार्यालय : पहली मंजिल, झेड-26, झोन-1, ICICI बैंक के पास, एमपी नगर, भोपाल, म.प्र.-462011

संशोधन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक **29.10.2026** को इसी समाचार पत्र में **''ई-नीलामी बिक्री सूचना''** शीर्षक से प्रकाशित विज्ञापन में **उधारकर्ता क्रं. सं. 1 में कॉलम (ए)** के अंतर्गत त्रुटीवश: गलत विवरण प्रकाशित हो गया था,
कृपया संशोधित विवरण निम्नानुसार पढ़े।
लोन नं. HF0197H21100748, परमजीत सिंह (उधारकर्ता), माया (सह-उधारकर्ता)
शेष विवरण यथावत रहेगा।

स्थानः मध्यप्रदेश,
दिनांकः 12.11.2026

ह/- प्राधिकृत अधिकारी,
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पश्चिम मध्य रेल
इंजीनियरिंग विभाग ▪ खुली निविदा

निम्नलिखित 4 कार्यों के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.: 1. **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-219-2026, दिनांक 04.11.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल अभियंता (पूर्व), जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत तीन विविध कार्य। भाग 1: सहायक मंडल अभियंता (मेंटेनेंस) कटनी सब डिविजन के अंतर्गत एस एस ई./टेलीकॉम कटनी के परिसर में बलपुर नए टेलीकॉम स्टोर के निर्माण सहित मौजूदा इन्फ्रास्ट्रक्चर का अपग्रेडेशन। (कार्य का भाग जबलपुर मंडल में जबलपुर में नए टेलीकॉम स्टोर और कटनी डिपो (टेलीकॉम) में नए कमरे के निर्माण के माध्यम से एस एंड टी अवसंरचना का आधुनिकीकरण)। भाग 2: सहायक मंडल अभियंता (मेंटेनेंस) कटनी सब डिविजन के अंतर्गत कटनी-सिंगरौली सेक्शन में ट्रैक के समानांतर एक्सल काउंटर की व्यवस्था हेतु रिले रुम का निर्माण (स्थान कटंगी खुर्द, सल्हना)। (कार्य का भाग कटनी-सिंगरौली खंड में स्टेशन यार्ड में ट्रैक सर्किट के समानांतर डिजिटल एक्सल काउंटरों की व्यवस्था करके सिस्टम रिडंडेंसी बढ़ाना)। भाग 3: सहायक मंडल अभियंता ब्यौहारी सब डिविजन के अंतर्गत कटनी-सिंगरौली सेक्शन में ट्रैक के समानांतर एक्सल काउंटर की व्यवस्था हेतु रिले रुम का निर्माण (स्थान - निवास रोड-2, डुबरी कलां-1, ब्यौहारी-1, छतैनी-1)। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 3,20,54,580/-. **बयाना राशिः** ₹ 6,41,100/-.

क्र.सं.: 2. **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-220-2026, दिनांक 04.11.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता (मेंटेनेंस) कटनी सब डिविजन के अंतर्गत, न्यू कटनी जंक्शन पर एम & पी गैरेज और शौचालय ब्लॉक तथा आर ओ एच शेड का निर्माण। (कार्य का हिस्साः- नकज - मौजूदा आरओएच शेड में एलयूएच स्तर में सुधार और यूटिलिटी व्हीकल रुम का निर्माण)। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 1,59,16,627/-. **बयाना राशिः** ₹ 3,18,300/-.

क्र.सं.: 3. **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-222-2026, दिनांक 06.11.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सुरसराईघाट झारा जबलपुर के मंडल इंजीनियर (पूर्व) के अधिकार क्षेत्र में सुरसराईघाट झारा यार्ड में 1000 मीटर का शंटिंग नेक का प्रावधान। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 4,58,30,945/-. **बयाना राशिः** ₹ 9,16,600/-.

क्र.सं.: 4. **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-223-2026, दिनांक 06.11.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः डिविजनल इंजीनियर (पूर्व) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में दो विविध कार्यः- भाग 1:- असिस्टेंट डिविजनल इंजीनियर (मेंटेनेंस) कटनी सब-डिविजन के तहत कटनी मुड़वारा में सिग्नलिंग डिपो के निर्माण सहित मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करना। (कार्य का हिस्साः- दमोह में नए सिग्नल स्टोर के निर्माण और जबलपुर और कटनी में नए कमरे बनाने और मौजूदा स्टोर की मरम्मत के माध्यम से एस एंड टी इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण)। भाग 2:- असिस्टेंट डिविजनल इंजीनियर (मेंटेनेंस) कटनी सब-डिविजन के तहत न्यू कटनी जंक्शन पर इलेक्ट्रिक पैनल रुम का निर्माण। (कार्य का हिस्साः न्यू कटनी जंक्शन मार्शलिंग यार्ड न्यू कटनी जंक्शन में दो नई एग्जामिनेशन लाइनों के लिए वेल्डिंग सुविधा और एग्जामिनेशन लाइट की व्यवस्था)। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 1,64,51,910/-. **बयाना राशिः** ₹ 3,29,000/-.

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिएः- समापन अवधिः 12 माह प्रत्येकी। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 01.12.2026. **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथिः** 01.12.2026. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्यों के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई.डी.नं. 7700060251, आवेदन क्रमांक-13544, आवेदन दिनांक-16/10/2026
क्रमांक 2418/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल दि.: 10/11/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की शाहपुरा योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक-251 सेक्टर-बी आवंटी श्री कैलाश चंद्र सुराना आत्मज श्री स्वर्गीय मानवलाल श्रीमती ऋतु एस हरिप्रिया पुत्री, श्री कैलाश चंद्र सुराना, श्री राजीव सुराना, पुत्र श्री कैलाश चंद्र सुराना, एवं श्री भगवती डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा श्री सौरभ सिंह आत्मज श्री ओम प्रकाश के संयुक्त नामों पर अंकित है संयुक्त आवंटियों में से श्रीमती ऋतु एस हरिप्रिया, श्री कैलाश चंद्र सुराना स्वयं एवं राजीव सुराना द्वारा मुख्तारआम श्री कैलाश चंद्र सुराना उक्त भूखण्ड के अपने हिस्से का विक्रय श्री भगवती डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर श्री सौरभ सिंह को करना चाहते है जिस हेतु हस्तांतरण अनुमती जारी करने का निवेदन किया है। उक्त हस्तांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। उक्त आम सूचना दो प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करावे। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी,एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल, जिला भोपाल, (म.प्र.)
कु. लक्ष्मी वास्कले बाइसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड
प्ररूप संख्या-4
अभियुक्त व्यक्ति की उपस्थिति की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा-82 दं.प्र.सं.)
एमजेसी आर/1916/2026
सैयद नसीरउद्दीन बनाम वसीम पटेल
Next Date 30-11-2026
FIR Details:-
प्रति,
वसीम पटेल
पुलिस थाना
म.न. 0297 ग्रीन पार्क कालोनी धार रोड इंदौर, INDORE, MADHYA PRADESH

मेरे समक्ष परिवाद/अभियोगपत्र प्रस्तुत किया गया है कि इस न्यायालय के प्रकरण क्रमांक एमजेसी आर/1916/2026 (सैयद नसीरउद्दीन बनाम वसीम पटेल) के अभियुक्त वसीम पटेल पिता रहमतउल्ला पटेल, पता- म.न. 0297 ग्रीन पार्क कालोनी धार रोड इंदौर जिला INDORE राज्य MADHYA PRADESH ने धारा 84 अधिनियम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त वसीम पटेल मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त नाम का अभियुक्त फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिये इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त प्रकरण के अभियुक्त वसीम पटेल से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिये दिनांक 30-11-2026 को उपस्थित हो। नियत दिनांक पर न्यायालय का अवकाश होने की स्थिति में प्रकरण आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई मे लिया जावेगा। आज दिनांक 04-11-2026 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
(न्यायालय की मुद्रा)

लक्ष्मी वास्कले
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भोपाल (म.प्र.)

संपत्ति से बेदखल हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा बेवा गोमती सौर पत्नी स्वर्गीय पन्ना लाल सौर आयु लगभग 61 वर्ष निवासी 86, सत्यज्ञान कालोनी थाना छोला मंदिर भोपाल के निर्देशानुसार उनके द्वितीय पुत्र कंचन उर्फ कंचु सौर पुत्र स्वर्गीय पन्ना लाल सौर आयु लगभग 36 वर्ष जो पूर्व में मेरी पक्षकारा के साथ उक्त अंकित पते पर निवासरत था जो की अपनी स्वयं की इच्छा से निवास छोड़कर अपनी पत्नी श्रीमती मोनिका सौर के साथ बिना कुछ बताए चला गया है और आज दिनांक तक उसका कोई अता-पता नहीं है। विश्वस्त सूत्रों द्वारा ज्ञात हुआ है कि कंचन सौर और उसकी पत्नी श्रीमती मोनिका सौर द्वारा मेरी पक्षकारा की बिना अनुमति एवं उनकी रजामंदी के बगैर कई व्यक्तियों से पैसों का अवैध लेनदेन किया गया है साथ ही मेरी पक्षकारा के नाम से खरीदी गई एक चार पहिया वाहन ह्युंदई ईआन एरा रेजिस्ट्रेशन नंबर MP04 CT 5080 को बिना अनुमति किसी अन्य व्यक्ति के पास गिरवी रख दिया गया है साथ ही मेरी पक्षकारा की पेंशन प्राप्ति बैंक 'बैंक ऑफ महाराष्ट्र' शाखा टी टी नगर जी टी बी कॉम्प्लेक्स भोपाल का फर्जी चैक बनवाकर व उसका नकली ए टी एम कार्ड बनवाकर राशि निकालने जैसा आपराधिक कृत्य किया गया है जिस कारण मेरी पक्षकारा को आर्थिक नुकसान के साथ साथ उनका मान-सम्मान, प्रतिष्ठा इत्यादि धूमिल हो रही है उक्त कार्य में मेरी पक्षकारा की ना तो कोई रजामंदी है व ना ही कोई अनुमति है। उपरोक्त कारण से मेरी पक्षकारा ने अपने द्वितीय पुत्र कंचन उर्फ कंचु सौर पुत्र स्वर्गीय पन्ना लाल सौर एवं उसकी पत्नी श्रीमती मोनिका सौर को अपनी संपत्ति एवं अपने संव्यवहार के कार्यो से बेदखल कर दिया है। कंचन उर्फ कंचु सौर एवं उसकी पत्नी श्रीमती मोनिका सौर द्वारा किए गए किसी भी कार्य अथवा उससे होने वाली परेशानी एवं कानूनी, न्यायालयीन, पुलिस थाने अथवा अन्य किसी विभाग अथवा शासकीय, अर्ध शासकीय संस्थाओ से किए गए समस्त संव्यवहारों के जवाबदार व जिम्मेदार वे स्वयं रहेंगे। मेरी पक्षकारा का अब कोई लेना-देना इन दोनों से भविष्य में नहीं रहेगा।

कृते बेवा गोमती सौर पत्नी स्वर्गीय पन्ना लाल सौर 86, सत्यज्ञान कालोनी थाना छोला मंदिर भोपाल
द्वारा अधिवक्ता संजय कुमार दास
जिला न्यायालय अरेरा हिल्स भोपाल

बेदखली की सूचना

सर्व साधारण को विदित हो कि मैं अपने पक्षकार श्री भूरा खान पुत्र श्री वाहिद खान निवासी म.न. 546 पिपलिया पेंदेखा तहसील हुजूर जिला भोपाल की ओर से निम्न आशय की जाहिर सूचना प्रेषित करता हूं कि : मेरे पक्षकार अपने पुत्र असलम खान से काफी परेशान है। असलम खान का चरित्र एवं रवैया ठीक नही है उसकी हरकतों से कभी भी कोई बड़ा फसाद हो सकता है। इसलिए मेरे पक्षकार ने अपने पुत्र असलम खान को अपनी जिन्दगी से तमाम रिश्तो नातों एवं चल अचल सम्पत्ति से सदैव के लिए बेदखल कर दिया है। कोई भी व्यक्ति यदि असलम खान से किसी भी प्रकार का कोई सम व्यवहार करता है तो उसके लिए मेरा पक्षकार या उसके परिवार के अन्य सदस्य जिम्मेदार नहीं होंगे। आज से असलम खान से मेरा या मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध या सरोकार नहीं है।

भवदीय **परवेज आलम** (अधिवक्ता)
जहांगीराबाद, भोपाल
मो. : 9893476315

-:जाहिर-सूचना:-

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने भगवानदास प्रजापति पुत्र स्व. श्री किशन लाल प्रजापति निवासी- डी-40, गुलमोहर सिंटी नये कलेक्ट्रट के पीछे ग्वालियर मध्य प्रदेश के स्वत्व स्वामित्व व अधिपत्य की दो किता कृषि भूमि खसरा क्रमांक 142/2/2/3/1 रकबा 11,000 वर्गफिट भूमि एवं खसरा क्रमांक 142/2/2/3/2 रकबा 11,000 वर्गफिट भूमि इस प्रकार कुल रकबा 22,000 वर्गफिट भूमि जो ग्राम रसूलिया जागीर, कोलार रोड, तहसील कोलार जिला भोपाल में स्थित है। उक्त भूमि को क्रय करने हेतु टोकन/बयाना राशि अदा कर दी गई है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी बैंक, सोसायटी, व्यक्ति, संस्था आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा लेन-देन या वाद विवाद या दान, गिरवी, वसीयत विक्रय अनुबंध विक्रय विलेख आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में सम्पूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में कराने के लिये स्वतंत्र होंगे।

भवदीय **सतीश अहेलिया**
अधिवक्ता/नोटरी
कार्या.-456, लायर्स चेम्बर्स अरेरा हिल्स भोपाल म.प्र.
मो.-9826162974,8770439214

विस्तृत परामर्शदाता सेवासमूह

ई-निविदा सूचना संख्या. CPM-GS-MLG-PC-2026-18 तारीखः 09-11-2026। भारत के राष्ट्रपति की ओर से और तरफ से निम्नलिखित कार्यों के लिए "ई-टेंडरिंग" प्रणाली के माध्यम से कार्य की निविदा आमंत्रित किया गया हैः **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे में आवश्यकतानुसार रेलवे ओवरब्रिज तथा रेलवे अंडरब्रिज/लिमिटेड हाइट सबवे/अन्य संरचनाओं का निर्माण अथवा सड़क के मार्ग परिवर्तन करके समपारों को समाप्त करने के साथ-साथ अंतिम रूप से निर्धारित योजना के आवश्यक घटकों की विस्तृत डिजाइन तैयार करने सहित सम्भाव्यता का अध्ययन एवं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के चरण से विस्तृत परियोजना परामर्शदाता सेवा की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव का आमंत्रण (आरएफपी)। इसके अंतर्गत अंतिम रूप से निर्धारित योजना के अनुसार कार्य निष्पादन हेतु निविदा प्रक्रिया, तकनीकी-प्रबंधकीय परामर्श सेवाएँ, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया एवं उसमें सहायता प्रदान करना, परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएँ/परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाएँ आदि प्रदान करनी होंगी। ये सेवाएँ कार्य निष्पादन, समपारों को समाप्त करने तथा निष्पादन अनुबंध की दोष दायित्व अवधि समाप्त होने तक जारी रखनी होंगी। **निविदा राशिः** ₹129,37,17,978/-। **धरोहर राशिः** ₹66,18,600/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 30-11-2026** तारीख के **15.00** बजे में।उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूर्ण जानकारी **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

सीपीएम/जीएस/मालीगॉव
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में